सांवरा सलोना कान्हा प्यारा मोहे लागे भजन लिरिक्स

सांवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे,
इसे दिल में बसा लूँ,
संग जीवन बिता लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

तर्ज – कौन दिशा में।

जी में आवे कान्हा तोहे,
बिंदिया बना लूँ,
अपने माथे पे लगा लूँ,
अपना भाग्य जगा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

जी में आवे कान्हा तोहे,
कजरा बना लूँ,
अपने नैनो में बसा लूँ,
अपनी पलकों में छुपा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

जी में आवे कान्हा तोहे,
मोती मैं बना लूँ,
अपनी नथनी में जड़ा लूँ,
अपने होंठों से लगा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इंटरनेट के भी आपके मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

हार मैं बना लूँ,
अपने गले में सजा लूँ,
अपने ह्रदय से लगा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

जी में आवे कान्हा तोहे,
मेहंदी बना लूँ,
अपने हाथों में रचा लूँ,
तेरा नाम लिखा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

जी में आवे कान्हा तोहे,
ओढ़नी बना लूँ,
अपने सिर पे सजा लूँ,
मूरत मन में बसा लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

सांवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे,
इसे दिल में बसा लूँ,
संग जीवन बिता लूँ,
मेरा जी चाहे, जी चाहे,
साँवरा सलोना कान्हा,
प्यारा मोहे लागे।bd।

Singer – Chetna

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com